तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 4 दिसंबर 2024


12 राज्य शासन की पारदर्शितापूर्ण और कड़ी ...


12 गोवर्धन पूजा व राउत नाचा प्रतियोगिता का कलश यात्रा...



श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### घरों तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई, ग्रामीण परेशान

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम हिलचुर में पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछी है, लेकिन ग्रामीणों के घरों तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण देवसाय बोगा, सोहित दर्रो, सनाउराम, बोगाराम उइके, रजऊराम दर्रो, देवलाल बोगा, फगनूराम बोगा ने बताया कि पानी टंकी निर्माण होने और पाइप लाइन बिछाए जाने से हम सभी खुश थे कि घर पहुंच पेयजल आपूर्ति होगी, लेकिन 2 महीना बीतने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है। हम लगातार पानी सप्लाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में डी समवाय रही विजेता



**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनीं, सशस्त्र सीमा बल, अंतागढ़ के वाहिनी मुख्यालय कमांडेंट अरुण देवगम के निर्देशन में 2 दिसंबर को मासिक अंतर समवाय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बैटमिंटन प्रतियोगिता का फायनल मैच डी समवाय और वाहिनी मुख्यालय के मध्य खेला गया, जिसमें डी समवाय 3-1 से विजेता रही।

### जिला मिशन समन्वयक ने कार्यों की समीक्षा की



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर में खंड स्रोत समन्वय कार्यालय में परख, अपार आईडी, विद्यार्थी डायरी पर विस्तृत चर्चा, शैक्षिक गुणवत्ता पर चल रही योजनाओं की समीक्षा, विद्यालय स्तर पर जारी राशि का व्यय पर चर्चा जिला मिशन समन्वयक रवि प्रकाश मिश्रा और एपीसी दिनेश कुमार नगर की उपस्थिति में हुई। आयोजित बैठक में रंगो उत्सव कार्यक्रम संकुल एवं केंद्रीकृत संकुल पर संपन्न कर प्रथम तीन को ब्लॉक स्तर पर उपस्थित कर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया एवं अन्य विषयों पर समीक्षा किया गया। इस अवसर पर बीईओ कीर्ति कुमार साहू, एबीईओ क्षमा सोनेल, बीआरसी एवं विकासखंड नरहरपुर के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत कोदाभाट निवासी रूपेश कुमार नाग ने 1 दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोदाभाट निवासी राजेश कुमार नाग ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## विरोध : प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम पर सौंपा ज्ञापन

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में प्रदर्शन, कांकेर में निकली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अत्याचार और हमलों के विरोध में कांकेर जिला में कांकेर और भानुप्रतापपुर में प्रदर्शन हुए। सभा के उपरांत कांकेर में आक्रोश रैली निकली वहीं भानुप्रतापपुर में सभाकर पुतला दहन करते हुए विरोध जताया। दोनो जगहों में हिंदुओ ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन भी सौंपा गया। हिंदू संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदू भाइयों और परिवारों को टारगेट करते हुए हमले हो रहे हैं।

कांकेर में हिंदू रक्षा मंच के बैनर तले सबसे पहले नए बस स्टैंड में सभा आयोजित की गई और सभा के उपरांत सभी समाज के लोग पैदल मार्च करते हुए शहर के मुख्य मार्ग में आक्रोश रैली निकाली और नए बस स्टैंड में प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। आयोजित सभा में संबोधित करते हुए प्रांत संघ चालक तोपलाल वर्मा ने कहा कि आज हम सब यहां पर जन आक्रोश रैली करने के लिए एकत्र हुए है। पिछले कुछ दिनो से बांग्लादेश में जो मुस्लिम आक्रांता है, जो आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे लोग वहां पर रहे हर अल्पसंख्यक हिन्दू, सिक्ख व जैन पर बड़े पैमाने पर अत्याचार कर रहें है और जब से शेख हसीना को पद से हटाया गया है, तब से वहां पर ऐसे आक्रांताओं का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, बड़े पैमाने पर हमारे हिन्दुओं को मौत के घाट उतारा जा रहा है। महिलाओं पर दिन प्रतिदिन अत्याचार हो रहें है, दुष्कर्म हो रहे है, सभी पर उनके द्वारा आशांति का वतावरण बनाया जा रहा है।





बांग्लादेश का निर्माण भारत के वीर सैनिकों के प्रयास से ही हुआ था, ऐसे राष्ट्र के द्वारा अपने हिंदू बंधुओं के साथ अत्याचार जो किया जा रहा है, वो पूरी तरह से गलत है। संत चिनमय कृष्ण दास को 25 नवंबर को बंधक बना लिया गया है, उन पर अत्याचार किया जा रहा है, जेल में यातनाएं दिया जा रहा है। उनके अधिवक्ता को उसी दिन मौत के घाट उतार दिया गया। ऐसे असंख्य तरह से हिन्दू समाज को प्रताड़ित करने का काम जो बांग्लादेश के उग्रवादी आतंकवादी कर रहे है, ऐसे विषम परिस्थिति में भी विश्व का जो मानवधिकार जो है वह आंख बंद करके देख रहा है। एक शब्द कोई भी अपना वक्तव्य नही दे रहा है। पूरा हिन्दू समाज भारत का और विश्व में रहने वाले संपूर्ण हिन्दू समाज इस अत्याचार का बांग्लादेश में हो रहें हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध कर रहा है। बांग्लादेश का अपना एक अलग महत्व है, बांग्लादेश बंगाल की खाड़ी पर स्थित है, इसका एक समारिक महत्व है, सामरिक महत्व होने के कारण चीन का और पाकिस्तान का पूर्णदृष्टि इस पर है। बांग्लादेश में जब से यह गतिविधियां घटित हो रही है, तब से पाकिस्तान का प्रभाव, पाकिस्तान की दृष्टि बांग्लादेश पर पड़ रहा है, आने वाले समय पर इसका घातक परिणाम होने वाले है। पाकिस्तान जो है वहां पर अपने आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करेगा, वहां पर उसे मिसाइल देगा, वहां पर हेलीकाप्टर देगा, छोटे पैमाने पर चलाए जाने वाले परमाणु उपकरण देगा और यह सब भारत के लिए खतरनाक स्थिति है। विश्व में रहने वाले संपूर्ण हिन्दू समाज का यह दायित्व है कि हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। इस प्रकार की जो गतिविधियां हो रही है, भविष्य में भी न हो इसके लिए सजग रहना है, पुरजोर विरोध करना है, क्योंकि हम भी सुरक्षित नही है, अपने आप को सुरक्षित रखना है तो निश्चित रूप से समाज को संगठित रखना है, इसलिए संपूर्ण समाज एक मंच पर आ करके ऐसे गतिविधियों का पुरजोर विरोध करें तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे।

### मानवाधिकार संगठनों ने साधा मौन

*डडसेना कलार समाज के संभाग के पूर्व अध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मो. युनूस का कहना है कि मानवाधिकार पर कोई आंच नहीं आएगी, परंतु बांग्लोदश में मानवाधिकार का खुले आम उल्लंघन हो रहा है और यह संगठन मौन साधे हुए है। बांग्लादेश में हिन्दू भाई, बहन, महिलाओं पर इतने अत्याचार हुआ, वो किसी को नहीं दिख रहा है। आज पूरे देश में जो स्थिति बनी हुई है। विश्व उसको देख रहा है, लेकिन विश्व पटल पर आज कोई मानवाधिकार पर बोलने को तैयार नहीं, मानवाधिकार के बारे में कोई बात ही नहीं करता है।*

## धान खरीदी केंद्रों का विधायक व कांग्रेसियों ने किया निरीक्षण किसानों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांकेर जिला के प्रभारी गुंडरदेही विधायक कुंवर लाल निषाद, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी और कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा 3 दिसंबर को चारामा विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र पुरी का औचक निरीक्षण कर किसानों को विक्रय करने में आ रही समस्याओं से अवगत हुए, वहीं अधिकारी व कर्मचारियों को समस्या के निराकरण करने निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि मौसम साफ होने के बावजूद धान खरीदी में हो रही देरी से किसान बेहद परेशान हैं। राइस मिलर्स की हड़ताल के कारण बारदाने की समस्या गंभीर हो रही है, जिसे जल्द सुलझाया जाना चाहिए। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कई खरीदी केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान खामियां मिली हैं। इन मुद्दों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली में नेटवर्क की दिक्कत से किसानों को हो रही परेशानी का स्थायी समाधान निकाला ▶▶| शेष पेज 10 पर

## निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत 100 दिवसीय पहचान व उपचार अभियान 7 दिसंबर से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जिले के सभी ग्रामों में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 07 दिसम्बर से 23 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा अभियान के द्वितीय चरण में 23 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 के बीच मलेरिया के लिए मॉप उप गतिविधि एवं फॉलो किया जाएगा और साथ ही निक्षय शिविर आयोजित कर कुष्ठ रोगी की पुष्टि की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 7 से 22 दिसम्बर तक जनभागीदारी गतिविधियां और डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा। इस दौरान टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, कुष्ठ मरीजों की खोज, वयोवृद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत वयोवृद्ध की हेल्थ प्रोफाईल के साथ सूची तैयार की जाएगी तथा मलेरिया की जांच एवं उपचार भी किया जाएगा। इस कार्य में मितानिन, आरएचओ, सीएचओ सहित टीबी मितान, कुष्ठ मित्र के वालेंटियर को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तीसरे चरण में 01 मार्च से 15 मार्च तक जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित कर मरीजों का एक्सरे ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिले में सदस्य बनाने के लक्ष्य को जल्द करें पूरा नगरीय व पंचायत चुनाव में अभी से जुट जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





कमल सदन में आयोजित कार्यशाला में चुनाव संगठन प्रभारी ने कहा कि जिले को भी डेढ़ लाख भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से जिले में अब तक एक लाख सत्रह हजार सदस्य बन चुके हैं। इसी तरह जिले को 3200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से अब तक केवल 1432 सक्रिय सदस्य ही बन पाएं है। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी के अभी से कमर कस लेने की जरूरत है।

कमल सदन में 3 दिसंबर की कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला के संगठन चुनाव प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि संगठन महापर्व अंतर्गत अभी हाल ही में हमने छग में भाजपा के सदस्यता लक्ष्य 60 लाख को पूरा किया है। उन्होने कहा कि छग में हर वर्ग के लोग भाजपा से जुड़ना चाहते है। कांकेर जिले को भी डेढ़ लाख भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से जिले में अब तक एक लाख सत्रह हजार सदस्य बन चुके हैं। इसी तरह जिले को 32 सौ सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है जिसमें से अब तक 1432 सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। उन्होने कहा कि 15 दिसंबर तक मण्डल समिति और 30 दिसंबर तक जिला समिति के चुनाव सम्पन्न कराने है। आगामी दिनों में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है जिसके लिए कमर कस कर मैदान में उतर जाएं। छग में अभी भाजपा के पक्ष में माहौल है और सरकार से सभी वर्ग खुश है, इसलिए हम इन चुनावों में ही भाजपा का परचम लहरायेंगे।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि छग में जन हितैषी भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मात्र एक वर्ष में ही हमने छग की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाऐं प्रारंभ की है जिसका असर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है और ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिलेभर में आज आयोजित होगी परख परीक्षा, दिए निर्देश

# जिले के 108 सरकारी स्कूलों के बच्चे देंगे परख की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एनसीईआरटी द्वारा आज 4 दिसंबर को जिले के 108 स्कूलों में परख परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तीसरी, छठवीं और नवमीं के छात्रों की दक्षता को परखने के लिए जिलेभर में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार कक्षा तीसरे के छात्रों के लिए 37 स्कूलों में परीक्षा होगी, जिसमें छात्रों से 45 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन 45 प्रश्न में से भाषा के 15 सवाल, गणित के 15 सवाल और वर्ड एराउंड के 15 प्रश्न रहेंगे, इन 45 प्रश्नों का जवाब 90 मिनट के अंदर देना होगा। कक्षा आठवीं के छात्रों के लिए 34 स्कूलों में परीक्षा होगी, जिसमें छात्रों से 51 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन 51 प्रश्न में से भाषा के 15 सवाल, गणित के 18 सवाल और सामाजिक विज्ञान के 18 प्रश्न रहेंगे, इन 51 प्रश्नों का जवाब 90 मिनट के अंदर देना होगा। कक्षा नवीं के छात्रों के लिए 37 स्कूलों में परीक्षा होगी, जिसमें छात्रों से 60 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन 60 प्रश्न में 15 भाषा, 13 गणित, 15 विज्ञान और 15 सामाजिक विज्ञान के प्रश्न रहेंगे, इन 60 प्रश्नों का जवाब 120 मिनट के अंदर देना होगा।


तैयारी का जायजा लेते हुए अधिकारीगण

### कमजोर बच्चों पर रहेगा फोकस

पिछले दिनों परख परीक्षा के पहले बच्चों का सक टेस्ट लिया गया था। इसके रिजल्ट के अनुसार परिणाम को विनोबा एप के जरिए शिक्षकों को भेजे गए है। इसमें अच्छा आधा प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत एवं कमजोर छात्रों को परीक्षा में विशेष फोकस करने निर्देश दिए गए थे। इसके लिए पूर्व में 18, 25, और 29 नवंबर को माक टेस्ट लिया गया था। जिले के चयनित स्कूलों में आज परख परीक्षा आयोजित होगी।

### पोर्टल में खामियों से शिक्षक थे परेशान

विगत दिनों स्कूलों में आयोजित माक टेस्ट के दौरान शिक्षकों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था। परीक्षा के बाद ओएमआर सीट को भी आनलाईन पोर्टल में एंट्री करना था, लेकिन पोर्टल में दिए गए लिंक के कमजोर होने के कारण शिक्षकों को देर रात तक माथापच्ची करनी पड़ी थी। परख की आज होनी वाली परीक्षा को भी ओएमआर सीट की जानकारी पोर्टल में एंट्री करनी होगी।

### तैयारी पूरी कर ली गई

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि जिले में परख परीक्षा के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए गए है। चयनित सभी स्कूलों में छात्रों की तैयारियां पहले से करा ली गई है। विकासखंड व जिला स्तर के अधिकारी लगातार बैठक करके जानकारी देकर परीक्षा करवाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## हाई स्कूल व सेकेण्डरी स्कूल में पहली परीक्षा के लिए 15 जनवरी तक मौका

**दुर्गुकोंदल।** शिक्षा की मुख्य धारा से विमुख छात्र-छात्राओं को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शुरू किए गए छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने अब 10 वीं हाईस्कूल और 12वीं हायर सेकंडरी की मुख्य अवसर परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित की जा रही है। शाउमावि दुर्गुकोंदल के प्राचार्य एसडी दास ने बताया है कि पहली परीक्षा मार्च-अप्रैल में आयोजित की जाएगी। तीन अवसर पर सामान्य क्रेडिट, आरटीडी और अवसर के परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। मार्च-अप्रैल 2025 में होने वाली पहली परीक्षा के लिए इसके लिए 2 दिसंबर से आवेदन मंगाए गए है। सामान्य शुल्क के साथ 15 जनवरी तक आवेदन करने का मौका है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### लिलेश देवांगन बने जिला सचिव



**दरभा।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के कर कमलों से लिलेश कुमार देवांगन व्याख्याता स्वाआउहिं शाउमा घाटलोहंगा को जिला बस्तर के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ बस्तर का जिला सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही मृदुला दिलासी लाल, हाई स्कूल घाटधनोरा को जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड बनाया गया है, जिला मीडिया प्रभारी विजय चंद्रकार व्याख्याता शाउमावि नानगुर को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों के नियुक्त होने पर जिला मुख्य आयुक्त संजय पांडे, जिला आयुक्त स्काउट सह पदेन जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दसरु राम यादव, जिला संगठन आयुक्त गाइड मीरा हिरवानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त जेपी पाठक ने भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

### निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम,वीवीपैट का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में आज 3 दिसंबर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी, निर्वाचन सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने दिए निर्देश

# धान खरीदी केंद्र गुडरा, रानीबहाल और सुकमा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के धान खरीदी केंद्र गुडरा और रानीबहाल सहित धान खरीदी केंद्र सुकमा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र गुडरा, रानीबहाल और सुकमा में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली।

■ मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की

इस अवसर पर कलेक्टर ध्रुव ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुँचे कृषकों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर



उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, धान खरीदी हेतु टोकन, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने बारदानों के अवलोकन के अलावा मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। किसानों ने धान खरीदी केंद्र के बेहतर व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने जिले के अंतरराज्यीय सीमावर्ती चेकपोस्ट पर अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सुकमा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए

कलेक्टर ध्रुव ने विकासखण्ड छिंदगढ़ स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रानीबाहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने कक्षाओं में पढ़ाई की गुणवत्ता, छात्राओं के रहन-सहन की स्थिति, भोजन व्यवस्था, और परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। विद्यालय परिसर में सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए, उन्होंने छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी बालिकाओं को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित माहौल मिले।

# 500 आदिवासी छात्रों को नहीं मिल रहा भोजन सहायता राशि

## एआईएसएफ ने लगाया अफसरों पर छात्रों के हितों को अनदेखी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में पोस्ट मैट्रिक अजा बालक छात्रावास के छात्रों को नए शिक्षा सत्र 2024-25 का भोजन सहायता राशि नहीं मिल पाई है। इसके चलते यहां निवासरत छात्र खुद के खर्च पर खाना बनाते हैं और पढ़ाई करते हैं। जिले में संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में करीब 500 से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

■ लगातार समस्या से अवगत करने के बाद प्रशासन और ट्राइबल विभाग सुनने को तैयार नहीं

पिछले शिक्षा सत्र 2023-24 का पोस्ट मैट्रिक भोजन सहायक राशि करीब 35 लाख रुपए नहीं मिला है। एसआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने बताया कि इस संबंध में छात्र व अधीक्षकों के द्वारा प्रशासन और आदिवासी विकास विभाग को लिखित व मौखिक सूचना दी गई है। राशि नहीं मिलने से मेष संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक सप्ताह के भीतर समस्या का निराकरण नहीं किए जाने से एआइएसएफ छात्रों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

महेश कुंजाम ने बताया कि एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में 160, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास सुकमा में 57, बालक छात्रावास कुम्हाररास में 119, बालक छात्रावास कोंटा में 105, कन्या छात्रावास कोंटा में 34, कन्या छात्रावास गादीरास में 33 छात्र-छात्राएं अतिरिक्त रहकर पढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एआईएसएफ ने लगातार विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया है।

लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में स्थित सभी छात्रावासें में वर्षों से स्वीकृत सीट 50 है। सीट वृद्धि की मांग को लेकर कई बार आंदोलन तक कर चुके हैं। क्षेत्र के आदिवासी छात्रों को यह सुविधा नहीं मिलने से शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। मेष संचालन के लिए आदिवासी छात्रों को प्रति माह 300 रुपए चंदा करना पड़ रहा है।

# ग्राम तुमनार में चलाया गया लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



इस परिप्रेक्ष्य में गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश द्वारा महिला एवं बाल विकास की विभागीय योजनाओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से संरक्षण, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर चाईल्ड लाईन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बीबीबीपी अन्तर्गत गर्भवती माताओ का गोदभराई व बालिकाओं का अन्नप्राशन करने के अलावा महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकार के संबंध में पंपलेट देकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके साथ ही शासकीय कन्या महेन्द्र कर्मा महाविद्यालय में भी जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित 120 बालिकाओं को महिलाओं व बच्चों के कानूनी अधिकारों के विषय में विस्तार जानकारी, देते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ लिया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याताओं, बालिकाओं एवं महिला बाल विकास के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में सरक्षण अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर सखी प्रभारी संगीता देवागन बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर शशिकांत आ. प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा, स्थानीय समिति अध्यक्ष श्रीमती पार्वती परिहार, राजेन्द्र सिंह राज, अर्चना झा व्याख्याता, रेखा सिंह, एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# विधायक ने धान खरीदी केंद्र का लिया जायजा

## किसानों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर जिला धान खरीदी प्रभारी एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज जिले विभिन्न धान खरीदी केंद्र में जाकर जायजा लिया, जिसमें ग्राम सोनारपाल, चपका, बालेंगा, खोरखोशा,धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर किसानों से चर्चा किया। पूरे प्रदेश में सरकारी धान खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। इस पूरी प्रक्रिया में अव्यवस्था के आरोप लगा रही कांग्रेस पार्टी ने आज से धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत की है।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल धान खरीदी में काम करने वाले मजदूरों से चर्चा करते हुए पूछा की आप लोगों को मजदूरी कितना मिलता हैं, इस पर सोनारपाल और चपका के मजदूरों ने कहा की प्रत्येक बोरा में 4 रूपये मिलता हैं, वहीं बालेगा, खोरखोशा, रेटावंड में 5 रूपये प्रत्येक बोरा देने की बात कहीं। धान खरीदी केंद्र में काम करने वाले मजदूरों से स्वास्थ्य संबंधित चर्चा करते हुए लेम्पस प्रबंधक को दिशा-निर्देश देते हुए कहा की मजदूरों को काम करते हुए धूल, धुंआ से बचने हेतु इन्हें मास्क देकर इससे बचाव का कार्य करें। बस्तर विधायक ने कहा कि किसानों से लिमिट से ज्यादा मात्रा में धान तौल कर लिया जा रहा है, वहीं धान का अब तक उठाव शुरू नहीं होने से आने वाले दिनों में खरीदी बंद करने की नौबत आ सकती है।

प्रदेश भर के राइस मिलर्स ने पिछले दिनों अपने बकाये की मांग को लेकर धान का उठाव करने से इंकार कर दिया था। इस बीच सरकार से हुई बातचीत के बाद राइस मिलर्स ने धान के उठाव के लिए कार्यालयीन प्रक्रिया की शुरुआत की है।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य गणेश बघेल, श्यामकुमारी ध्रुव, शोभाराम मरखंडेय, राम्याराम मौर्य, रियाज खान, हेमराज बघेल, जीवनाथ ठाकुर, नवसन खवास, छेदी बघेल, बुधसन कश्यप, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, हरदास बघेल, आयतु मौर्य, बंशी देहारी, खीरसिंह, उमेश भंडारी, लखेश्वर, हिरासिंह, रघुनाथ यादव एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूम न्यूज ▶▶| सुकमा

दोरनापाल नगर के हाई स्कूल मैदान में मंगलवार से आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रहीं थीं। भक्ति संगीत में झूमते श्रद्धालु जयकारे लगाते चल रहे। कथा 3 दिसंबर से प्रतिदिन संध्या 6 बजे से प्रारंभ होकर 9 बजे तक संचालित होगा। कथा का समापन 10 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा होगा। कलश यात्रा हाई स्कूल मैदान से आरंभ हुई और महिलाए शबरी नदी के तट पर कलश में जल भरकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान पोथी सिर पर धारण कर चल रहे थे। इस दौरान लोगों ने उनका पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

■ हाई स्कूल मैदान में 3 दिसम्बर से 9 दिसंबर तक चलेगी भागवत कथा





### कलश यात्रा का बड़ा आध्यात्मिक महत्व

वृंदावन से पधारे कथावाचक पूज्या सुश्री दीपा किशोरी ने पहले दिन कलश यात्रा के आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कलश यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ- साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश यात्रा में शामिल होने वाले जहां से भी भ्रमण करते हैं, वहां की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है, जो कलश रखते हैं उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र करते हैं। इस मौक़े पर अध्यक्ष संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, रिंकू प्रसाद गुप्ता, दुलाल मिस्त्री, बलवंत चौहान, मनीष गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, अर्जित हलदर, व सभी भक्तगण नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पामेड़ में बीएसएनएल ने मोबाईल टावर को 4जी में किया अपग्रेड

**बीजापुर।** बीजापुर के सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्र तेलंगाना के सीमा पर लगे पामेड़ में 2 दिसंबर को बीएसएनलएल बीएसएनलएल की टीम द्वारा मोबाईल टावर को 2जी से अपग्रेड कर 4जी सेवा प्रारंभ किया गया । वर्ष 2014-15 में पामेड़ में बीएसएनलएल का टावर स्थापित किया गया था जो सेटेलाईब बेस था । बीएसएनलएल द्वारा क्षेत्र में 2जी एवं 3जी टावर को अपग्रेड कर 4जी किया जा रहा है एवं नए 4जी टावर स्थापित किए जा रहे है। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सबसे अधिक बीएसएनलएल उपभोक्ता है। पामेड़ क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बीएसएनलएल टावर के अपग्रेड होने से उपभोक्ता को अच्छी वाईस की सुविधा के साथ साथ डाटा में भी अच्छी स्पीड मिल रही है। क्षेत्र में बीएसएनलएल टावर अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर डाटा एवं वाईस की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। ज्ञात हो कि जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ क्षेत्र में सड़क बिजली पानी स्कूल अस्पताल एंबुलेंस सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तेजी से हो रहा है जिससे पामेड़ वासी ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को विकास की सौगात देने के लिए लगातार धन्यवाद ज्ञापित भी कर रहे हैं।

# कोटपा एक्ट अंतर्गत उसूर ब्लॉक में चालानी कार्यवाही

हरिभूम न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में तम्बाकू सेवन उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत उसूर ब्लॉक में चालानी कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश सिंग ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया । उक्त कार्यवाही में 35 चालान के माध्यम से 7250 रुपए की राशि प्राप्त किया गया कार्यवाही अंतर्गत धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान सेवन प्रतिबंधित है। धारा 06 अ के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पाद बेचने व खरीदने पर प्रतिबंध



धारा 06 ब के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंध है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाये जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ धूम्रपान रहित क्षेत्र व नाबालिग बच्चों के खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए चलानी कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य विभाग से नोडल एनटीसीपी डॉक्टर मनोज लम्बाड़ी, डॉ नैतिक मंडावी एएमओ उसूर, डॉ नीतू चन्द्रवंशी एएमओ उसूर, प्रियंका मौर्या एएनएम एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्र पहुंचे विधायक लखमा अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत सुकमा जिला प्रभारी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने मंगलवार को कोंटा ब्लॉक के चिंतागुफा, कांकेर लंका और पोलमपल्ली धान उर्पाजन केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में संचालित उर्पाजन केंद्रों में धान खरीदी नहीं होने से समिति प्रबंधन पर गहरी नाराजगी जताई। खरीदी केंद्रों में हो रही लेटलतीफी को लेकर समिति के जिम्मेदारों पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी किसानों



न हो। इस दौरान कवासी लखमा ने धान खरीदी केंद्रों में साथ जिला पंचायत अध्यक्ष बोड्डू राजा, करतम मुया, माड़वी देवा, सोयम भीमा, सुशांत राय, यूथपति यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### उद्यानिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कांकेर।** चिराग परियोजना के अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई जिला उत्तर बस्तर कांकेर प्रशिक्षण प्रभारी सहायक संचालक उद्यान विभाग करन कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक प्रभारी उद्यान अधीक्षक मेघचंद देवांगन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सुरही एवं बतबनी के 140 किसान एवं आजीविका समूह के सदस्यों को न्यूट्रीटेशन, सपोर्टिव एंड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के विषय में प्रशिक्षक घृत कश्यप, राजेंद्र साहु, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, केके मेश्राम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सुभ्रांसु पांडा द्वारा पोषण बाड़ी, जैविक खेती सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीजों उपचार एवं उद्यान की फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत मिचेकट्टा निवासी महेंद्र उईके ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। मिच्चेकट्टा निवासी सुरेश उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया और अभी तक कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### दिव्यांग दिवस पर तिलक वंदन व उपहार देकर किया सम्मान



**दुर्गूकोंदल।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 3 दिसम्बर को माध्यमिक शाला डांगरा में अध्ययनरत कक्षा 8वीं छात्र सुभाष कोरेटी, कक्षा 7वीं कृष्णदेव निषाद को शाला परिवार की ओर से तिलक वंदन, पुष्प गुच्छ व उपहार में जैकेट देकर सम्मान किया। शाला के प्रधानपाठक कमला नरेटी ने बताया कि यह बच्चे हमेशा शिक्षा के क्षेत्र एवं अन्य गतिविधि में हमेशा अग्रणी रहते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक देवेंद्र सलाम, हेमन्त ठाकुर, सविता गावडे, विभा ठाकुर उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**भानुप्रतापपुर।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर द्वारा मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए तथा घायल को 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भीरागांव निवासी बिरेन्द्र कुमार मंडावी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता प्रेमसिंह मंडावी के लिए 25 हजार रूपए और सड़क दुर्घटना में घायल होने पर ग्राम सोनेकन्हार निवासी दानचू राम को 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करके पोर्टल में डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उन्हांने विभागवार एवं अनुविभागवार लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उचित निराकरण के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने पर असंतोष जाहिर करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विगत सप्ताह के लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए सैच्युरेशन मोड में प्रत्येक हितग्राही को योजना का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाने और विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा किए गए कार्यों की पोर्टल में त्वरित एंट्री करने के लिए निर्देशित किया और साथ ही यह भी कहा कि नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए इस माह में आचार संहिता लागू होने की संभावना है। इसे देखते हुए नए कार्यों को शीघ्रता से स्वीकृत करने एवं निर्माण कार्य त्वरित प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अन्य निर्माणी विभागों के सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण के लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु उन्होंने निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसम को दृष्टिगत रखते हुए धान खरीदी में समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इस अवसर पर डीएफओ डीपी साहू, एडीएम बीएस उईके सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परिणाम : छग लोक सेवा आयोग में जिले से 7 प्रतिभागी हुए सफल

# राज्य शासन की पारदर्शितापूर्ण और कड़ी मेहनत, परीक्षा प्रणाली ने दिलाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- चयनित अधिकारियों ने कलेक्टर व सीईओ से किया सौजन्य भेंट

परिश्रम का कोई विकल्प या शॉर्टकट नहीं होता, क्योंकि सही दिशा में किए गए प्रयासों को एक न एक दिन कामयाबी जरूर मिलती है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2023 में पूरी तरह से पारदर्शिता और निष्पक्षता अपनाते हुए परीक्षाएं आयोजित की, जिसका प्रतिफल यह रहा कि योग्य और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को अवसर मिला।

कांकेर जिले से चयनित 7 अभ्यिार्थियों का कहना है कि राज्य पीएसएसी 2023 की प्रतियोगी परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिन्होंने वास्तव में कठोर परिश्रम, लगन और लक्ष्य को हासिल करने के जुनून के खुद को साबित किया। साथ ही उक्त परीक्षा परिणाम ने यह सिद्ध किया कि होनहार और प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी को उसकी योग्यता के अनुकूल स्थान मिला। इस बार की परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन हुआ है जो वाकई उस पद के योग्य व उपयुक्त हैं, चाहे वह किसान परिवार से हो, या मजदूर अथवा साधारण शिक्षक हो। जिले के चयनित अभ्यर्थियों ने 3 दिसंबर को जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और सीईओ हीरेश मंडावी से सौजन्य मुलाकात किया। कलेक्टर ने सभी चयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शासन की मंशानुसार दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं देने की बात कही। इस दौरान सफल अभ्यर्थियों ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा प्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का पूरा खयाल रखा। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उनकी कड़ी मेहनत और लगन रंग लाई, जिसके सकारात्मक व सुखद परिणाम सबके सामने है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के ग्राम बारदेवरी निवासी निधि प्रधान का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि वह गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में एन्थ्रोपोलाजी विषय से स्नातक किया और उसके बाद पीएससी की तैयारी में जुट गई। उन्होने कहा कि यह कामयाबी प्रथम प्रयास में ही मिली है।

भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम मोहगांव निवासी तनुजा बेलसरिया ने बताया कि उनका चयन महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य पीएससी की पिछली परीक्षा में आशानुरूप परिणाम नहीं आने से वह निराश व हतोत्साहित हो गई थीं, किन्तु वर्तमान राज्य सरकार ने हम अभ्यर्थियों की मेहनत को पहचाना और पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा प्रणाली लागू की, इसके लिए प्रदेश सरकार के प्रति उन्होंने आभार माना। अधीनस्थ सेवा लेखा अधिकारी के तौर पर चयनित दीप्ति कुजूर ने बताया कि वह प्राथमिक शाला सिंगारभाट में शिक्षक के तौर पर पदस्थ रहीं। एमएससी (कृषि) की शिक्षा प्राप्त करने वाली दीप्ति ने बताया कि पिछली प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली, लेकिन वर्ष 2023 की परीक्षा में आशातीत परिणाम मिले। उन्होंने पारदर्शितापूर्ण परीक्षा के लिए साय सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

इसके अलावा ग्राम माटवाड़ा लाल निवासी रूपेन्द्र सोनेवरा (सहकारिता विस्तार अधिकारी) और गौतम ठाकुर (सहायक पंजीयक) ने राज्य सेवा परीक्षा के निष्पक्षतापूर्ण परिणाम के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे हुनरमंद युवाओं को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीजीपीएससी में जिले के 07 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। इनमें पखांजूर के मनीष बघेल का चयन डिप्टी कलेक्टर, ग्राम जैसाकर्रा चारामा के मोहित कुमार का चयन अधीनस्थ सेवा लेखा अधिकारी के तौर पर हुआ है।

### परिवहन संघ की बैठक आयोजित, तारपोलिन त्रिपाल ढंककर कार्य करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेश पिस्दा ने हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ दुर्गुकोंदल और भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के पदाधिकारियों की बैठक परिवहन संघ कार्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित किया। बैठक में लौह अयस्क, क्रेशर गिट्टी, रेत परिवहन करने वाले ट्रकों में तारपोलिन त्रिपाल ढककर परिवहन कार्य करने की निर्देश परिवहन संघों के पदाधिकारियों दिए। यदि बिना तारपोलिन ढके परिवहन कार्य करते पाए जाने पर पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर के द्वारा कार्यवाही की जाएगी। बिना तारपोलिन ढके ट्रकों से लौह अयस्क, रेत, क्रेशर गिट्टी परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई संबंधित खदान, प्लांट के खिलाफ होगी और साथ ही ट्रक मालिकों को 30 हजार रूपए तक जुर्माना होगी एवं वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी की जाएगी। आयोजित बैठक में माइंस प्रबंधक डीएन मोहंता, राजकुमार गुप्ता, रवि तिवारी, परिवहन संघ दुर्गुकोंदल अध्यक्ष जगतराम दुग्गा, सहसचिव अनुज खरे, पूर्व परिवहन संघ अध्यक्ष श्रीराम बघेल, शिवचरण सिन्हा, छबिलाल जाड़े, संतलाल पोटाई, महत्तम दुग्गा, सोमल जैन, मनीष ठाकुर, भूपेंद्र सिद्धू उपस्थित रहे।

### शिवसेना ने बांग्लादेश के मामले में रोकथाम लगाने की मांग की

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना द्वारा देश के प्रधानमंत्री से अभिलंब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार ,हिंदुओं की माता व बहनों के साथ हो रही घटनाओं, हिंदुओं के धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ पर रोक लगाने हस्तक्षेप करने की मांग की है। शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर इस समस्या के निराकरण की माँग किया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं जो विश्व में कहीं पर भी कोई देश में कोई बात होती है, तो मानव अधिकार का राग अलापने लगती है ।

## प्राणीशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं को मछली पालन केंद्र पोल्ट्री फार्म का कराया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के एमएससी के छात्र छात्राओं को मछली पालन केंद्र व पोल्ट्री फार्म का भ्रमण कराया गया और उसके बारे में विषय से जुड़ी विस्तृत जानकारी विभागध्यक्ष के द्वारा दिया गया। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के निर्देशन में प्राणीशास्त्र विभाग के एमएससी के छात्र छात्राओं को मछली पालन केन्द्र का भ्रमण कराया गया। उसके संचालक राकेश नाग और किशुन नाग ने छात्रों को मछली पालन के विधि के बारे में जानकारी दिया। मछली के आहार, तलाब के प्रकार, मछली पालन में उपयुक्त मछलियों के प्रजाति, मछली पालन में मछली के विभिन्न अवस्थाओं एवं मछली पालन के फायदे व उससे होने वाले आय के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुमिता पाण्डेय ने विद्यार्थियों को मछली को पहचानें की विधि, मछली के फिन के प्रकार एवं लेटरल लाइन के कार्य के बारे में विद्यार्थियों को बताया और कहा कि विद्यार्थी मछली पालन एवं पोल्ट्री फार्मिंग को भी अपने कैरियर के रूप में अपना कर इससे अच्छा आय अर्जित कर सकते है। भ्रमण के दौरान प्राणीशास्त्र के विभाग के डॉ. आशीष नेताम, सहायक प्राध्यापक युवराज साहू, डॉ. शर्मिला सोनी, अतिथि प्राध्यापक के साथ एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहें।

## सार्वजनिक शराबखोरी करते चार शराबियों को पुलिस ने दबोचा, की कार्रवाई



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 28 के धान फड़ी के पास रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए चार शराबियों को पुलिस ने पकड़ा। शराबियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम पीव्ही 28 चांदीपुर धान फड़ी के सामने रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीकर हो हल्ला कर रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया। पुलिस को आता देख कुछ व्यक्ति वहां से भाग गए, वहीं मौके से पीव्ही 47 राधानगर निवासी 26 वर्षीय देवजीत सरकार पिता कार्तिक सरकार, पीव्ही 36 नवीनपल्ली चांदीपुर निवासी 24 वर्षीय ऋषिकेश हलधर पिता विश्वजीत हलधर, पीव्ही 28 चांदीपुर निवासी 26 वर्षीय गौरंग मजुमदार पिता दिलीप मजुमदार और पीव्ही 27 चांदीपुर निवासी 26 वर्षीय आकाश राय पिता सुभाष राय को दबोचा। शराबियों के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। शराबियों ने शराब की बोतल, डिस्पोजल व चखना को फेंक दिया था। सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने पर धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित रेड रिबन क्लब के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशन में एचआईव्ही एड्स जन जागरूकता के लिए विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का परिणाम पोस्टर प्रतियोगिता में सैयद सफदर अली प्रथम, आयुष वर्मा द्वितीय, भगवती कोसरिया तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में चंचल पटेल प्रथम, निर्मला जैन द्वितीय, कुसुम भोयर तृतीय, पावर पाइंट प्रजेंटेशन में देवेन्द्र प्रकाश प्रथम देवेन्द्र निषाद द्वितीय, सूरज लाल तृतीय रहे।

महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डा. सरला आत्राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स की जानकारी ही इसका बचाव है। एड्स से पीड़ति व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रहता है अतः एड्स के रोगियों के साथ सहज एवं सहानभूर्तिपूर्ण व्यवहार करें। उन्हें बहिष्कृत न करें उनका समाजिक एवं आर्थिक रूप से सहायोग करें। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारे और सभी प्रतिभागी एवं विजेताओ को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित किया। विद्यार्थियों समाज में एड्स के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एड्स के प्रति विद्यार्थियो में जागरूकता के लिए विभिन्न विधा जैसे पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पावर पाइंट प्रजेटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया प्रतियोगिता के लिए निर्णायक समिति बनाई गई, जिसमें डा. व्हीके रामटेके, डा. एसआर बंजारे, डा. बसंत नाग, डा. आर कुलदीप, प्रो.सुमिता पाण्डे, प्रो. प्रियंका टोप्पों, डा. अनुपमा पटेल ने अपना योगदान दिया। इन विधाओं को सम्पन्न कराने में प्रो. विजय प्रकाश साहू, डा. नेलसन खेस, प्रो. ऋचा सगने, कामिनी साहू, रूखमणी यादव, डा. पूनम साहू ने सहयोग दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा. डीएल पटेल ने प्रतिभागियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित किया। कार्यक्रम का आयोजन डा. आशीष नेताम एवं अलका केरकेट्टा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

## किसी भी समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा नशा, युवाओं को इससे बचाएं

# गोवर्धन पूजा व राउत नाचा प्रतियोगिता का कलश यात्रा निकाल किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



चारामा ब्लाक स्तरीय गोवर्धन पूजा व राउत नाचा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम भिरौद में 1 दिसंबर रविवार को आयोजित किया गया। समाज द्वारा सुबह 11 बजे कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सामाजिक महिलाओं, बच्चों व पुरूषों द्वारा कार्यक्रम स्थल से होकर महानदी तट पर स्थित शिव मंदिर होते हुए ग्राम में भ्रमण कर वापिस कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा में राउत नाचा टोलियों द्वारा प्रदर्शन भी किया, उसके बाद शीतला पूजा एवं साहडा देव पूजा कर दोपहर 2 बजे से अतिथि आगमन के बाद राउत नाचा प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। छत्तीसगढ़ बड़े कोसरिया यादव समाज विकास खण्ड चारामा के तत्वावधान में आयोजित गोवर्धन पूजा एवं राऊत नाचा प्रतियोगिता में टोलियों को प्रथम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001, पांचवां 1501 तथा कलश सजाओ में क्रमशः 1001, 701, 501 तथा बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट बाजा, बेस्ट नृत्य, बेस्ट अनुशासन के लिए प्रत्येक को 500-500 रूपए का इनाम समाज द्वारा दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक सावित्री मनोज मंडावी भानुप्रतापपुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज का पौराणिक काल से हमारे भारत वर्ष में वर्चस्व रहा है। आप भगवान श्रीकृष्ण के वंशज हैं। इस नाते से समाज का ओहदा भी ऊपर है, जिस प्रकार से आप सभी ने संगठित होकर इस आयोजन को सफल बनाया है। यह आपकी एकता को प्रदर्शित करता है, क्योंकि एकता में वह शक्ति है बड़े से बड़े कार्य को भी सरलता से किया जा सकता है। राऊत नाचा, हमारे छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और इस संस्कृति को बचाने का सबसे सुंदर प्रयास रहा है,वह है यह आयोजन। ऐसे आयोजनों से ही हमारी संस्कृति व पहचान का पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण होता है व आने वाली पीढ़ी को एक नई सीख मिलती है। यदि हमें अपने समाज के स्तर को ऊपर उठाना है तो इसके लिए आवश्यक है कि हम शिक्षा को बढ़ावा दें और अपने बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। किसी भी परिवार व समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक जो है वह है नशा, इसलिए नसे का त्याग करें और समाज के मुख्यधारा से जुड़े। विधायक ने समाज की मांग पर महानदी तट पर स्थित शिव मंदिर के बगल में ग्राम द्वारा समाज के लिए दिए गए भूमि में भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की।

आयोजित कार्यक्रम में सरपंच परऊ राम जुर्री व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ब्रह्मनंद नेताम, नरेन्द्र यादव पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़, नवली मीना मंडावी, मिथलेश शोरी, चंपा वट्टी सरपंच लखनपुरी, कैलाश हदगिया, हिरवेन्द्र साहू विधायक प्रतिनिधि, नंद कुमार नागराज, रामकुमार रायस्त, सुनील महावीर, सत्कार पटेल,सुरेश यादव, राकेश यादव, लखन यादव, प्रीतराम यादव के साथ अजय यादव, तिलक यादव, संत यादव, अरूण यादव, बनवाली यादव, जयश्री यादव, कविता यादव, सुनीता यादव, प्यारी यादव, हेमा यादव, अंबिका यादव सहित बड़ी संख्या मे समाज के पदाधिकारीगण व समाजजन उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना अज्ञात चालक के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत बायपास में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक तुलतुली निवासी परम सिंह कुमेटी 14 अक्टूबर को शाम करीबन 7 बजे अपने भाई रसनू राम कुमेटी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 7016 में पीछे बैठकर अपने गांव तुलतुली वापस जा रहा था। हाउसिग बोर्ड कालोनी तिराहा बाईपास रोड कांकेर के पास माकड़ी की ओर से आ रही अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक अपने ट्रक को चलाकर एक्सीडेन्ट कर दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज